# शाहजहाँपुर पुलिस

**प्रेस नोट - सराहनीय कार्य दिनांक – 16.10.2025**

**थाना कटरा पुलिस द्वारा किया गया सराहनीय कार्य**

## “थाना कटरा पुलिस द्वारा मारपीट एवं जान से मारने की नीयत से किए गए हमले के अभियोग में वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार, एक के कब्जे से अवैध तमंचा बरामद”

श्रीमान पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर महोदय के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम तथा क्रियाशील व चिन्हित किये गये अपराधियों/वांछित/वारण्टी व रोकथाम मादक पदार्थ/अवैध शराब शस्त्र, बिक्री - निर्माण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदया के निर्देशन एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी तिलहर के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षानाधीन/प्रभारी थाना कटरा सुश्री आकृति पटेल व निरीक्षक श्री जुगुल किशोर पाल के नेतृत्व में थाना कटरा को बडी सफलता प्राप्त हुई।

**घटना का संक्षिप्त विवरण:-**

दिनांक 15.10.2025 को वादी मुकदमा श्री अमित कुमार पुत्र रमेशचन्द्र गंगवार नि0 ग्राम हुसैनपुर कबरा थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर द्वारा थाना हाजा पर तहरीर दी गयी कि अभियुक्तगण द्वारा वादी मुकदमा के गन्ने के खेत में ट्रैक्टर ट्राली निकाली जा रही थी। जिसका वादी मुकदमा व इसके पिता ने विरोध किया तो अभियुक्त अमन गंगवार ने तमंचा वादी मुकदमा के सीने पर तान दिया तथा अभियुक्त सतीश गंगवार ने वादी व इसके पिता पर धारदार बांके से जोरदार प्रहार किया। जिससे वादी मुकदमा व इसके पिता के गम्भीर चोट आयी है। वादी मुकदमा की दाखिला तहरीर के आधार पर थाना हाजा पर मु0अ0सं0 444/2025 धारा 115(2)/352/118(1)/109 BNS बनाम अमन गंगवार पुत्र सतीश गंगवार व सतीश गंगवार पुत्र कल्लूमल उर्फ रामनाथ नि0गण ग्राम हुसैनपुर कबरा थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर पंजीकृत कराया गया था। मुकदमा उपरोक्त के वांछित अभियुक्तगण 1. अमन गंगवार पुत्र सतीश गंगवार नि0 ग्राम हुसैनपुर कबरा थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर 2. सतीश गंगवार पुत्र कल्लूमल उर्फ रामनाथ नि0गण ग्राम हुसैनपुर कबरा थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर को मुखबिर खास की सूचना पर दिनांक 15.10.2025 को समय करीब 20.25 बजे ग्राम हुसैनपुर कबरा की पुलिया के पास थाना कटरा की पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त अमन गंगवार उपरोक्त को एक अवैध तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तगण को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण:-**

1. अमन गंगवार पुत्र सतीश गंगवार नि0 ग्राम हुसैनपुर कबरा थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब 25 वर्ष
2. सतीश गंगवार पुत्र कल्लूमल उर्फ रामनाथ नि0गण ग्राम हुसैनपुर कबरा थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब 55 वर्ष

**गिरफ्तारी का स्थान / समय**

ग्राम हुसैनपुर कबरा की पुलिया के पास थाना कटरा दिनांक 15.10.2025 समय करीब 20.25 बजे

**बरामदगी का विवरण-**

अभियुक्त अमन गंगवार के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ।

**अभियुक्तगण का आपराधिक इतिहास –**

मु0अ0सं0 444/2025 धारा 115(2)/352/118(1)/109 BNS थाना कटरा, शाहजहाँपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टी का विवरण –**

1. निरीक्षक श्री जुगुल किशोर पाल थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
2. उ0नि0 बालकराम थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
3. उ0नि0 हसनैन अली थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
4. हे0का0 371 विक्रम सिंह थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
5. का0 2316 राजीव कुमार थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर